**भारत सरकार**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**

**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4090**

**मंगलवार, 25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## चमड़ा और फुटवियर उद्योग

**4090. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टीः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) फुटवियर, चमड़ा और एक्सेसरीज विकास कार्यक्रम (एफएलएडीपी) के अनुमोदन से अब तक इसके अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार कुल कितनी निधि आवंटित, जारी की गई और उपयोग में लाई गई;

(ख) चमड़ा क्षेत्र का एकीकृत विकास (आईडीएलएस), मेगा लेदर फुटवियर एवं एक्सेसरीज क्लस्टर विकास (एमएलएफएसीडी), सतत प्रौद्योगिकी और पर्यावरण संवर्धन (एसटीईपी), संस्थागत सुविधाओं की स्थापना (ईआईएफ), ब्रांड संवर्धन और डिजाइन स्टूडियो का विकास सहित एफएलएडीपी के प्रत्येक घटक के अंतर्गत अनुमोदित और कार्यान्वित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने चमड़ा क्लस्टर और फुटवियर विनिर्माण इकाइयां लाभान्वित हुए हैं;

(घ) क्या सरकार को आन्ध्र प्रदेश से एफएलएडीपी के अंतर्गत परियोजनाओं हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से भारतीय चमड़ा और फुटवियर उद्योग की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क):** भारत सरकार ने वर्ष 2021-26 की अवधि या अगली समीक्षा, इनमें से जो भी पहले हो, तक 1700 करोड़ रुपए के आबंटन से केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम 'भारतीय फुटवियर और चमड़ा विकास कार्यक्रम' (आईएफएलडीपी) को अनुमोदन प्रदान किया है। इस स्कीम के अंतर्गत, दिनांक 17.03.2025

तक 812.69 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। इसका परियोजना-वार, राज्य-वार विवरण इस प्रश्न के पैरा (ख) एवं (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध I और II में दिया गया है।

**(ख)**: भारतीय फुटवियर और चमड़ा विकास कार्यक्रम (आईएफएलडीपी) छह उप-स्कीमों के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है, जो निम्नलिखित हैं:

i. सतत प्रौद्योगिकी और पर्यावरण संवर्धन (एसटीईपी)
ii. चमड़ा और फुटवियर क्षेत्र में भारतीय ब्रांडों का ब्रांड प्रचार (बीपीआईबीएलएफएस)
iii. डिज़ाइन स्टूडियो का विकास (डीडीएस)
iv. मेगा लेदर फुटवियर और सहायक उपकरण क्लस्टर विकास (एमएलएफएसीडी)
v. संस्थागत सुविधाओं की स्थापना (ईआईएफ)
vi. चमड़ा क्षेत्र का एकीकृत विकास (आईडीएलएस)

आईडीएलएस उप-स्कीम के अंतर्गत भारत सरकार की 394.09 करोड़ रुपए की सहायता से 588 इकाइयां लाभान्वित हुई हैं तथा अन्य सभी उप-स्कीमों के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

**(ग)**: आईएफएलडीपी की एमएलएफएसीडी उप-स्कीम के तहत 5 परियोजनाएं अनुमोदित की गईं हैं। विभाग के राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस) पोर्टल के अनुसार, आईडीएलएस उप-स्कीम के फुटवियर और फुटवियर घटक के तहत 473 इकाइयों को लाभ प्राप्त हुआ है। इसका राज्यवार विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

**(घ)**: आईएफएलडीपी की आईडीएलएस उप-स्कीम के अंतर्गत चर्मशोधन कारखानों के घटक के लिए आंध्र प्रदेश से दो इकाइयों संबंधी प्रस्ताव प्राप्त हुए और इन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

**(ङ)**: आईएफएलडीपी स्कीम, इस सेक्टर के विभिन्न पहलुओं जैसे, अवसंरचना, प्रौद्योगिकी उन्नयन, ब्रांडिंग, सतत विकास आदि के संदर्भ में सहयोग करके चमड़ा और फुटवियर उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाती है। यह स्कीम निम्नलिखित बिंदुओं पर फोकस करती है:

- चर्मशोधन कारखानों, फुटवियर एवं फुटवियर घटक इकाइयों, चमड़े के सामान एवं सहायक उपकरण संबंधी इकाइयों, हार्नेस एवं सैडलरी विनिर्माण इकाइयों का

उन्नयन/आधुनिकीकरण।

- मौजूदा सामान्य बहिस्राव शोधन संयंत्र (सीईटीपी) की स्थापना या उन्नयन करके निर्धारित प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों को पूरा करने के मामले में चमड़ा क्लस्टरों की सहायता करना।
- विश्व स्तरीय अवसंरचना का निर्माण करने के लिए मेगा लेदर फुटवियर और सहायक उपकरण विकसित करना तथा चमड़ा और फुटवियर उद्योग की उत्पादन श्रृंखला को एकीकृत करना ताकि घरेलू बाजार और निर्यात की जरूरतों को पूरा किया जा सके।
- फुटवियर और चमड़ा क्षेत्र के अग्रणी भारतीय विनिर्माताओं के ब्रांडों को परिसंपत्तियों के रूप में स्थापित करना और उन्हें अपने उत्पादों के लिए उच्च मूल्य निर्धारण प्राप्त करने में सक्षम बनाते हुए वैश्विक पहचान के लिए अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग की दिशा में सहायता प्रदान करना।
- इस क्षेत्र के लिए डिजाइन स्टूडियो की स्थापना करना, जिसका उद्देश्य उद्यमियों को बाजारों से जोड़ने की रणनीति में सक्रिय भूमिका निभाना और क्षेत्र के प्रौद्योगिकीय परिवर्तन की प्रक्रिया में तेजी लाना है।
- इस क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए कुशल जनशक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए फुटवियर डिजाइन एवं विकास संस्थान (एफडीडीआई) के परिसरों में अवसंरचना की संस्थापना और इसका उन्नयन करना।

*****

**अनुबंध-I**

**दिनांक 25.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4090 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**सतत प्रौद्योगिकी और पर्यावरण संवर्धन (एसटीईपी)**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्रम सं.** | **परियोजना का नाम** | **जिला** | **राज्य** | **कुल अनुमोदित परियोजना लागत** | **भारत सरकार की अनुमोदित हिस्सेदारी** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर सीईटीपी | मानपुर माचेड़ी लेदर पार्क, जयपुर | राजस्थान | 9.98 | 6.98 |
| 2 | पीईआरटीईसी सीईटीपी | बक्कलापल्ली सेक्टर, पेरनामबट | तमिलनाडु | 9.75 | 6.82 |
| 3 | पीईटीएस सीईटीपी | कपूरथला रोड, जालंधर | पंजाब | 28.64 | 20.04 |
| 4 | थुथिपेट सीईटीपी | थुथिपेट सेक्टर, अम्बुर, वेल्लोर जिला | तमिलनाडु | 8.49 | 5.94 |
| 5 | मालीगैथोप सीईटीपी | अम्बूर, वेल्लोर जिला | तमिलनाडु | 5.30 | 3.71 |
| **कुल** | | | | **62.16** | **43.49** |

**चमड़ा और फुटवियर क्षेत्र में भारतीय ब्रांडों का ब्रांड संवर्धन (बीपीआईबीएलएफएस)**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्रम सं.** | **कंपनी का नाम** | **जिला** | **राज्य** | **कुल अनुमोदित परियोजना लागत** | **भारत सरकार की अनुमोदित हिस्सेदारी** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुप्ता एचसी ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड | बाईपास रोड, आगरा | उत्तर प्रदेश | 4.50 | 2.25 |
| 2 | पीपी रबर प्रोडक्ट्स प्राइवेट | वीकेआई क्षेत्र, जयपुर | राजस्थान | 18.00 | 9.00 |
| 3 | सारा लेदर इंडस्ट्रीज | पेरियार ईवीआर हाई रोड, किलपौक, चेन्नै | तमिलनाडु | 37.50 | 9.00 |
| 4 | लहर फुटवेयर्स लिमिटेड | वीकेआई क्षेत्र, जयपुर | राजस्थान | 18.00 | 9.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | वॉकारू इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड | सिडको इंडस्ट्रियल एस्टेट, मालुमिचम्पट्टी डाकघर, कोयंबटूर | तमिलनाडु | 18.00 | 9.00 |
| 6 | एएसजी लैदर्स | 24 परगना दक्षिण, बंटाला, कोलकाता | पश्चिम बंगाल | 18.00 | 9.00 |
| 7 | मिर्ज़ा इंटरनेशनल लिमिटेड | सिविल लाइन, कानपुर नगर | उत्तर प्रदेश | 18.50 | 9.00 |
| 8 | रिलैक्सो फुटवियर प्राइवेट लिमिटेड | रोहिणी, उत्तर-पश्चिम दिल्ली | दिल्ली | 15.00 | 7.50 |
| 9 | नेक्सजेन फुटवियर प्राइवेट लिमिटेड | उद्योग नगर, पीरागढ़ी, पश्चिम दिल्ली | दिल्ली | 17.85 | 8.925 |
| **कुल** | | | | **165.35** | **72.675** |

**डिज़ाइन स्टूडियो का विकास (डीडीएस)**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्रम सं.** | **परियोजना का नाम** | **जिला** | **राज्य** | **कुल अनुमोदित परियोजना लागत** | **भारत सरकार की अनुमोदित हिस्सेदारी** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सरकारी चमड़ा प्रौद्योगिकी संस्थान | हैदराबाद | तेलंगाना | 1.26 | 0.63 |
| 2 | नॉर्दन इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, जालंधर | जालंधर | पंजाब | 2.85 | 1.43 |
| 3 | एल्योर एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड | पीतमपुरा | दिल्ली | 6.38 | 3.19 |
| 4 | वॉकारू इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड | कोयंबटूर | तमिलनाडु | 2.98 | 1.49 |
| 5 | सीएसआईआर- सीएलआरआई | चेन्नै | तमिलनाडु | 10.94 | 5.47 |
| 6 | गुड लेदर शूज़ प्राइवेट लिमिटेड | चेन्नै | तमिलनाडु | 3.62 | 1.81 |
| 7 | सारा लेदर इंडस्ट्रीज | चेन्नै | तमिलनाडु | 7.81 | 3.90 |
| 8 | मॉलकॉम इंडिया लिमिटेड | कोलकाता | पश्चिम बंगाल | 14.34 | 7.17 |
| 9 | रिलैक्सो फुटवियर लिमिटेड | रोहिणी | दिल्ली | 19.86 | 9.93 |
| 10 | रेड टेप | नोएडा | उत्तर प्रदेश | 24.65 | 10.00 |
| 11 | एसजी एक्स्पोर्ट्स | ग्रेटर नोएडा | उत्तर प्रदेश | 20.42 | 10.00 |
| 12 | लहर फुटवियर्स लिमिटेड | जयपुर | राजस्थान | 16.91 | 8.46 |
| **कुल** | | | | **132.02** | **63.48** |

**मेगा लेदर फुटवियर और सहायक उपकरण क्लस्टर विकास (एमएलएफएसीडी)**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्रम सं.** | **परियोजना का नाम** | **जिला** | **राज्य** | **कुल अनुमोदित परियोजना लागत** | **भारत सरकार की अनुमोदित हिस्सेदारी** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महवल, मुजफ्फरपुर, बिहार | बीआईएडीए | 62.17 | 140.95 | 70.00 |
| 2 | मुरैना, मध्य प्रदेश | एमपीआईडीसी | 157.00 | 222.81 | 106.185 |
| 3 | रतवाड, रायगड, महाराष्ट्र | एमआईडीसी | 153.13 | 256.42 | 125.00 |
| 4 | पानापक्कम, रानीपेट, तमिलनाडु | सिपकोट | 347.69 | 271.33 | 125.00 |
| 5 | रमईपुर, कानपुर, उत्तर प्रदेश* | एमएलसीएलडी | 240.00 | 402.12 | 125.00 |
| **कुल** | | | | **1293.63** | **551.185** |

* सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन

**संस्थागत सुविधा केंद्रों की स्थापना (ईआईएफ)**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्रम. सं.** | **परियोजना नाम** | **भारत सरकार के 100% हिस्सेदारी के साथ कुल अनुमोदित परियोजना लागत** |
|---|---|---|
| 1 | बालिकाओं का छात्रावास (250 क्षमता), एफडीडीआई बन्नूर | 15.88 |
| 2 | बालिकाओं का छात्रावास (250 क्षमता), एफडीडीआई हैदराबाद | 15.88 |
| 3 | फुटवियर डिजाइन एवं विकास संस्थान (एफडीडीआई), नोएडा परिसर में नया प्रयोगशाला भवन | 32.03 |
| 4 | एफडीडीआई के पांच परिसरों (नोएडा, बन्नूर, चेन्नै, कोलकाता और हैदराबाद) में गैर चमड़ा उत्पाद और सहायक उपकरण विभाग | 30.93 |
| 5 | एफडीडीआई नोएडा में अंतर्राष्ट्रीय छात्रावास (250 छात्र क्षमता) | 24.71 |
| **कुल** | | **119.43** |

**अनुबंध- II**

**दिनांक 25.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4090 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**मेगा लेदर फुटवियर और सहायक उपकरण क्लस्टर विकास (एमएलएफएसीडी)**

(करोड़ रु. में)

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | एसपीवी | कुल भूमि क्षेत्र (एकड़) | कुल अनुमोदित परियोजना लागत | भारत सरकार की अनुमोदित हिस्सेदारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महवल, मुजफ्फरपुर, बिहार | बीआईएडीए | 62.17 | 140.95 | 70.00 |
| 2 | मुरैना, मध्य प्रदेश | एमपीआईडीसी | 157.00 | 222.81 | 106.185 |
| 3 | रतवाड, रायगड, महाराष्ट्र | एमआईडीसी | 153.13 | 256.42 | 125.00 |
| 4 | पानापक्कम, रानीपेट, तमिलनाडु | सिपकोट | 347.69 | 271.33 | 125.00 |
| 5 | रमईपुर, कानपुर, उत्तर प्रदेश* | एमएलसीएलडी | 240.00 | 402.12 | 125.00 |
| **कुल** | | | | **1293.63** | **551.185** |

* सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन

**चमड़ा क्षेत्र का एकीकृत विकास (आईडीएलएस)**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आईडीएलएस के तहत फुटवियर एवं फुटवियर घटकों हेतु लाभान्वित इकाइयों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | दिल्ली | 172 |
| 2 | हरियाणा | 144 |
| 3 | उत्तर प्रदेश | 72 |
| 4 | पंजाब | 39 |
| 5 | तमिलनाडु | 25 |
| 6 | राजस्थान | 14 |
| 7 | मध्य प्रदेश | 3 |
| 8 | उत्तराखंड | 2 |
| 9 | कर्नाटक | 1 |
| 10 | महाराष्ट्र | 1 |
| **कुल** | | **473** |

****